हम बेटी पर बलिहारी

गोद बिटिया खिलाएं तो बड़ा मजा ग्राए
उस पे बलिहारी जाएं तो बड़ा मजा ग्राए
लाखों लाड़ लड़ाएं तो बड़ा मजा ग्राए
उसे सर पे चढ़ाएं तो बड़ा मजा ग्राए

बेटी हो पैदा तो खुशियां मनाएं
बड़े जोरों से थाली बजाएं
दुनिया सर पे उठाएं
तो बड़ा मजा ग्राए

मिलजुल कर नई दुनिया बनाएं
जहां बेटी कभी न मुरझाए
बिटिया खिल-खिल जाए
तो बड़ा मजा ग्राए

बेटी हमारी भी खेलन को जाए
संग सखियों के मौज उड़ाए
छुट्टी कामों से पाए
तो बड़ा मजा ग्राए
बचपन उसका भी गाए
तो बड़ा मजा ग्राए

ज्ञान बढ़ाने मदरसे को जाए
बेटी लायक और काबिल बन जाए
घर का मान बढ़ाए
तो बड़ा मजा ग्राए
कुल का दीपक बन जाए
तो बड़ा मजा ग्राए

जूडो कराटे बेटी को सिखाएं
कोई मजनू जो रस्ते में ग्राएं
उन्हें पाठ पढ़ाए
तो बड़ा मजा ग्राए
उनका भूत भगाए
तो बड़ा मजा ग्राए

बेटी और बेटा दो ग्रांखों के तारे
दोनों चमकेंगे तारे हमारे
उन पे वारी वारी जाएं
तो बड़ा मजा ग्राए

—कमला भसीन